–प्रेस नोट–
जनपद मुजफ्फरनगर
दिनांक 17.12.2024

➢ थाना रामराज पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

दिनांक 17.12.2024 को थाना रामराज पर नियुक्त उ0नि0 श्री दिनेश कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 126/2024 धारा 305ए भादवि में वांछित अभियुक्त योगेश पुत्र चरन सिंह निवासी नगला नस्सू थाना बिलारी मुरादाबाद को मुखबिर की सूचना पर मीरापुर बस स्टैण्ड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी किए गए 2100 रूप्ये बरामद किए गए। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रामराज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–

दिनांक 17.12.2024 को थाना बुढ़ाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री सुरेन्द्र राव मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 939/09/2013 धारा 379,411 भादवि में वारण्टी अभियुक्त अली हसन पुत्र हासिम रागंड निवासी ग्राम उमरपुर थाना बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर को मसकन से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ थाना ककरौली पुलिस द्वारा 03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

दिनांक 17.12.2024 को थाना ककरौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री शिवराज तोमर मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 197/2024 धारा 110,115(2),117(2),190,191(2),191(3),351(2),351(3) बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण 1. ज्ञानेन्द्र पुत्र ब्रजपाल सिंह 2. शौकीन पुत्र ब्रजपाल सिंह व 3. बालिन्द्र उर्फ बालेन्द्र पुत्र ब्रजपाल सिंह निवासीगण ग्राम दरियाबाद थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर को अभियुक्तगण के मसकन से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना ककरौली पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ थाना ककरौली पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–

दिनांक 17.12.2024 को थाना ककरौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री दिनेश कौशिक मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 5745/16 धारा 4/25 आयुध अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त महबूब पुत्र बशीर निवासी जामा मस्जिद निकट बिजनौर रोड ग्राम बेहडा सादात थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना ककरौली पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ 01 शातिर/वांछित/अन्तर्जनपदीय ट्रांसफार्मर चोर घायल/गिरफ्तार–**

  दिनांक 16/17.12.2024 को थाना बुढ़ाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री सन्दीप कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 449/2024 धारा 136 विधुत अधिनियम में वांछित अभियुक्त संजय पुत्र सूरजमल निवासी ग्राम मेहरमती गणेशपुर थाना सरधना जनपद मेरठ को दौराने पुलिस मुठभेड़ मंदवाडा रोड से घायल/गिरफ्तार किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर एंव 01 स्पलैण्डर मोटर साईकिल बिना नम्बर प्लेट बरामद की गयी। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 513/2024 धारा 109,317(5),336(2) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।